# <u>विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्रों को मिला यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड</u>

उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित 20वीं उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन (29–30 नवम्बर 2025) में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के शोधार्थी दिब्यांशु, जो डा. आर.के.एस. राजपूत के निर्देशन में शोधरत हैं, को गणित, सांख्यिकी एवं कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण शोध योगदान हेतु यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार, शोधार्थी आशीष कुमार सागर ने डा. विवेकानन्द के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे हैं, को केमिकल साइंस के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शोधार्थी दिव्या पंत ने डा. लक्ष्मी तिवारी के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं, को बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री एवं माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में उनके प्रभावी एवं सार्थक योगदान के लिए यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्रदान किया गया। इन उपलब्धियों ने न केवल छात्रों की प्रतिभा, शोध क्षमता और समर्पण को उजागर किया है, बल्कि विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी प्रदर्शित किया है।

अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी डा. आर.सी. श्रीवास्तव तथा महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों ने सभी पुरस्कृत शोधार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।




